तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, बुधवार 11 जून 2025

13 टाउनशिप में क्वार्टरों के कब्जे की समस्या से...



14 खेत, भूमि में कर लिया गया है कब्जा, वापस दिलाएं...





## खबर संक्षेप



### परसवारा में तालाब गहरीकरण एवं समतलीकरण का कार्य शुरू

**बेमेतरा/दाढ़ी।** ग्राम पंचायत मुरकी में ग्रामीण परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराने व उनके जीवन स्तर ऊपर उठने के उद्देश्य से मनरेगा के तहत ग्राम पंचायत मुरकी के आश्रित ग्राम परसवारा के तालाब में गहरीकरण एवं समतलीकरण का कार्य शुरू किया गया। इसमें करीब 80 जरूरतमंद लोगों को रोजगार उपलब्ध हो रहा है। ग्राम पंचायत की सरपंच कौशलिया देवी चंद साहू, उप सरपंच दुर्गेश साहू, रोजगार सहायक तथा पंचों द्वारा पूजा कर कार्य का शुभारंभ किया गया। सरपंच कौसिलया साहू ने बताया कि यह कार्य क्षेत्र में जल संरक्षण और सिंचाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। परसवारा तालाब के गहरीकरण से इसका जल संग्रहण क्षमता बढ़ेगा। इसमें लोगों को निस्तार करने में सुविधा होगी। साथ ही जरूरत पड़ने पर किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी भी मिल सकेगा तथा भूजल स्तर में भी सुधार होगा। श्रमिकों के साथ-साथ ग्रामीणों में भी इस कार्य को लेकर उत्साह देखा गया। इस अवसर पंच शंकर कुर्रे, कमलेश कुर्रे, बसंती कुर्रे, आरती बंजारे, गौतम गोंड, उमा साहू, लक्ष्मी साहू, कली साहू, बिरझु राम साहू, वह ग्रामीण टीकम बंजारे, जोगन दिवाकर, जगदीश कुर्रे सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### नदी के किनारे रोड से 347 ट्रैक्टर रेत जब्त



**बेमेतरा।** जिले के शिवनाथ नदी में अवैध रेत खनन की शिकायत पर जिला प्रशासन द्वारा कार्रवाई की गई है। प्राप्त शिकायत के आधार पर कार्रवाई करते हुए नदी के बाहर रोड साइड में 347 ट्रैक्टर रेत को जब्त किया गया है। यह रेत बिना वैध खनन अनुमति के जमा की गई थी। मामले की जांच के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि उक्त रेत ग्राम साल्हेभाठा ब्लॉक साजा निवासी उत्तम कुमार गुप्ता द्वारा लायी गयी थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए जनपद पंचायत साजा अंतर्गत ग्राम पंचायत सालीभर्री (ख) के सरपंच व ग्राम सचिव की उपस्थिति में जब्त रेत को नीलाम की गई। नीलामी में 2.5 एचपी ट्रैक्टर के मालिक राकेश पटेल पिता रामेश्वर, सतीश यादव पिता शंभुलाल, बबलू साहू पिता रामधन द्वारा कुल 2 लाख 85 हजार 250 रूपये में रेत को क्रय किया गया।

### महिला आयोग की न्यायपीठ 13 को बेमेतरा में करेगी सुनवाई

**बेमेतरा।** राज्य महिला आयोग रायपुर द्वारा गठित न्यायपीठ के माध्यम से महिलाओं से संबंधित मामलों की सुनवाई जिले में की जाएगी। इस संबंध में आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक एवं आयोग सदस्य 13 जून प्रातः 11 बजे जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में उपस्थित होकर विभिन्न प्रकरणों की सुनवाई करेंगी। यह विशेष सुनवाई सत्र उन मामलों पर केंद्रित रहेगा, जो महिलाओं के उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, लैंगिक भेदभाव एवं महिला अधिकारों के उल्लंघन से संबंधित हैं। संबंधित पीड़ित महिलाओं को आयोग के समक्ष अपनी बात रखने का अवसर प्रदान किया जाएगा। जिला प्रशासन ने समस्त संबंधित विभागों को निर्देशित किया है कि वे आवश्यक दस्तावेजों एवं जानकारियों के साथ निर्धारित तिथि को उपस्थित रहें, ताकि मामलों का त्वरित एवं न्यायसंगत निराकरण सुनिश्चित किया जा सके। महिला सशक्तिकरण की दिशा में यह पहल जिले में न्याय तक सरल पहुंच एवं पीड़ित महिलाओं को न्याय मिलेगा।

# नगर पंचायत में पहली बार लगाई गई महिला चौपाल, कई मुद्दों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

नगर पंचायत में पहली बार महिला चौपाल 2025 का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की रूपरेखा नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रेरणा शौर्यजीत सिंह द्वारा तैयार की गई।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नीलिमा राजपूत रहीं। साथ ही पार्षद पार्वती वर्मा, पार्षद गौकरण साहू, एवं पार्षद जमुना जयसवाल ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति देकर कार्यक्रम को गौरवान्वित किया।

इस अवसर पर सीमा यदु, सेवंतिका साहू, तमन्ना बारले, लता चावड़ा एवं इंदु कोशले , विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने महिलाओं से संबंधित समस्याओं पर चर्चा की और समाधान के सुझाव भी दिए। क्षेत्र की सभी आंगनबाड़ी सहायिकाएं एवं स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शामिल हुईं। एलएफ सखी सहेली समूह की अध्यक्ष शशिबाला ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

कार्यक्रम में महिलाओं की समस्याओं पर चर्चा एवं समाधान, वर्तमान में संचालित शासकीय योजनाओं की जानकारी एवं यह समीक्षा कि इन योजनाओं का लाभ महिलाओं तक पहुंच रहा है या नहीं,

खेल प्रतियोगिताएं जैसे कुर्सी दौड़, मटका फोड़ एवं समूह खेल आयोजित किए गए। जिनमें विजयी महिलाओं को पुरस्कार वितरित किए गए। समूहों को सक्रिय एवं आत्मनिर्भर बनाने पर संवाद।

## आंगनबाड़ी सहायिकाएं एवं स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं रहीं मौजूद



### पारंपरिक संस्कृति को दें बढ़ावा

रायपुर से आए मिलेट उत्पादक श्याम शिवहरे ने मिलेट के उपयोग एवं उत्पादों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। गर्भवती महिलाओं के लिए गोद भराई कार्यक्रम आयोजित किया गया। 'सुआ नृत्य' का आयोजन कर छत्तीसगढ़ी लोक-संस्कृति को प्रोत्साहित किया गया। निःशुल्क सैनिटरी पैड वितरण किया गया। एचबी टेस्ट की भी व्यवस्था की गई। यह कार्यक्रम महिलाओं को शासकीय योजनाओं से जोड़ने, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने, पारंपरिक संस्कृति को बढ़ावा देने एवं समुदाय को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ।

## मौसम : बेमेतरा शहर और ग्रामीण इलाकों में बिजली आपूर्ति ठप

# गरज-चमक के साथ हुई झमाझम बारिश, बदला मौसम का मिजाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सोमवार की शाम जिलेवासियों के लिए मौसम में एक अप्रत्याशित बदलाव लेकर आई। करीब शाम 6 बजे से शहर और आसपास के गांवों में तेज धूल भरी आंधी चली, इसके बाद अचानक गरज-चमक के साथ तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश इतनी तीव्र थी कि कुछ ही मिनटों में सड़कें लबालब हो गईं और मौसम सुहावना हो गया।

**बिजली आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित-** बारिश शुरू होते ही बेमेतरा शहर, नवागढ़, साजा, बेरला, थानखमरिया समेत कई इलाकों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई। तेज हवा और बिजली गिरने की आशंका के चलते कई जगह ट्रांसफार्मर बंद कर दिए गए, जबकि कुछ स्थानों पर पेड़ और खंभे गिरने से बिजली लाइनों में खराबी आ गई। करीब 3 से 4 घंटे तक कई मोहल्ले अंधेरे में डूबे रहे। बिजली विभाग की टीम देर रात तक सुधार कार्य में जुटी रही।

**बाजारों में अफरा-तफरी, दुकानें समय से पहले बंद-** बारिश से बेमेतरा का प्रमुख बाजार, राइस मिल रोड, सब्जी मंडी और बस स्टैंड क्षेत्र सबसे ज्यादा प्रभावित हुए। अचानक अंधेरा छा जाने से दुकानदारों को अपनी दुकानें जल्दी बंद करनी पड़ीं। ग्राहक जो खरीदारी में जुटे थे, वे बारिश से बचने के लिए दुकानों की शरण लेते नज़र आए। सब्जियों और फलों के ठेलों पर पानी भर जाने से नुकसान हुआ। छोटे व्यापारियों ने कहा कि अचानक मौसम बदलने से शाम की बिक्री पर असर पड़ा है।

**किसानों के लिए संजीवनी बनी बारिश-** लंबे समय से मानसून की बाट जोह रहे किसानों के लिए यह बारिश संजीवनी साबित हुई है। क्षेत्र के किसान धान की बोआई, नरवाई जलाने के बाद खेत की तैयारी, और सब्जियों की बुवाई के लिए मिट्टी में नमी का इंतजार कर रहे थे। यह बारिश खेतों के लिए पर्याप्त नमी लेकर आई है। कई गांवों के किसानों ने बताया कि अगर आगामी कुछ दिनों तक हल्की बारिश होती रही तो खेती की तैयारी ज़ोरों पर शुरू हो जाएगी। किसान राजू साहू ने कहा कि गर्मी से हाल बेहाल था, खेत सूखे थे। आज की बारिश से जैसे जान लौट आई हो। अब धान बोनी की तैयारी शुरू करेंगे।

**तेज गर्मी से मिली राहत-** पिछले एक सप्ताह से जिले में अधिकतम तापमान 41 से 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा था। उमस और गर्म हवाओं से जनजीवन प्रभावित था, लेकिन सोमवार शाम की बारिश से मौसम एकदम बदल गया। लोगों ने खिड़कियां खोल दीं, कूलर बंद कर दिए और खुले में घूमने निकले। रातभर ठंडी हवाओं ने गर्मी से राहत दी।

**मौसम विभाग का अलर्ट जारी-** मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों के लिए भी हल्की से मध्यम बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है। विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के क्षेत्र के कारण प्रदेश के कुछ और हिस्सों में भी आंधी और बारिश हो सकती है।

### बाजारों में मचा हड़कंप, किसानों के चेहरे खिले



फाइल फोटो

# शिक्षा नीति के विरोध में कांग्रेस का धरना प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

प्रदेश की भाजपा सरकार की युक्तियुक्तकरण नीति के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवागढ़ द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन और विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव कर राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। पूर्व मंत्री गुरु रुद्रकुमार ने कहा कि जब प्रदेश में भूपेश बघेल की सरकार थी, तब स्वामी आत्मानंद स्कूल खोले गए ताकि प्रदेश के गरीब मजदूर-किसान के लड़के-लड़कियां सरकारी इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ सकें। उन्होंने कहा कि आज भाजपा सरकार शिक्षा के स्तर को कमजोर कर रही है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामेश्वर साहू ने कहा कि आज युवा बेरोजगारी से जूझ रहे हैं, पढ़े-लिखे बीएड और एमएड करने वाले भी नौकरी नहीं पा रहे। सरकार की युक्तियुक्तकरण नीति से 45 हजार शिक्षकों के पद समाप्त किए जा रहे हैं, जो चिंता का विषय है।

धरना प्रदर्शन में नादघाट के ब्लॉक अध्यक्ष सुशील साहू, संबलपुर के ब्लॉक अध्यक्ष राम बिहारी राजपूत, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष संजीव पिंटू, अनंत हेमंत साहू, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सुरेंद्र तिवारी, झम्मन बघेल, विजय बघेल, बाल कुमारी ध्रुव, शशि प्रभा गायकवाड़, गुरभेज सिंह गुंबर, महामंत्री तोप सिंह साहू, रामनिहोरा सेन, दिनेश तिवारी, महेश कुर्रे, भंजन बंजारे, सतीश मार्कण्डेय, लक्ष्मण साहू, पवन संडे, खेमन टंडन, ईश्वर सिंह लोधी, माधव सिंह राजपूत, अंजोर घृतलहरे, पूनम साहू, चंद्र प्रकाश बंदे, रितेश तिवारी समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अस्पतालों में लगा शिविर, 516 से अधिक गर्भवती महिलाओं की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत एक वृहद स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिले के जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में एक साथ आयोजित इस शिविर में 516 से अधिक गर्भवती महिलाओं की जांच की गई। इनमें से 176 से अधिक महिलाएं उच्च जोखिम वाली पाई गईं, जिनमें से 15 महिलाओं में खून की कमी पाई गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यशवंत ध्रुव ने बताया कि अभियान का उद्देश्य मातृ मृत्यु दर को शून्य के स्तर पर लाना है। इसके लिए हर महीने की 9 और 24 तारीख को गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क प्रसव पूर्व जांच और आवश्यक परामर्श सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। शिविर में उच्च जोखिम वाली महिलाओं की सोनोग्राफी, ▶▶|शेष पेज 12 पर



### प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान

# डाइट में डीएलएड की वार्षिक परीक्षा प्रारंभ, निरीक्षण में पहुंचे मंडल सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के सबसे बड़े शिक्षा संस्थान, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट में डीएलएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की वार्षिक परीक्षाएं 2 जून से प्रारंभ हुई है। एक दिन के अंतराल में प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष की परीक्षाएं आयोजित की जा रही है। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित ये परीक्षाएं सुबह की पालियों में संचालित की जा रही है। प्रथम वर्ष व द्वितीय वर्ष की परीक्षाएं प्रातः 9 से 12.15 बजे तक संचालित की जा रही है। परीक्षाएं संस्थान के दो हाल में संचालित की जा रही है। बड़े हॉल में 60 छात्राध्यापकों के बैठने की व्यवस्था की गई है। इसमें पर्यवेक्षण कार्य हेतु चार पर्यवेक्षकों की व्यवस्था की गई है। जबकि छोटे हॉल में 40 छात्राध्यापकों के बैठने की व्यवस्था की गई है। इसमें तीन पर्यवेक्षकों की व्यवस्था की गई है। मंगलवार डीएलएड द्वितीय वर्ष की परीक्षा में 100 में से 100 परीक्षार्थी उपस्थित रहे।

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बेमेतरा की प्राचार्य कविता बाचपेयी को केंद्राध्यक्ष बनाया गया है। जिले के सबसे बड़े शिक्षा संस्थान, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा में चल रहे डीएलएड की परीक्षा में अभी तक छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के पांच सदस्य निरीक्षण के लिए डाइट बेमेतरा आ चुके है। सबसे पहले 3 जून को मंडल सदस्य चंद्रकांत तिवारी और प्रकाश ▶▶|शेष पेज 12 पर



### द्वितीय वर्ष में 100 प्रतिशत परीक्षार्थियों की उपस्थित रही

## आयोजनः समय-सीमा बैठक में योजनाओं की समीक्षा

# पीएम आवास और जनदर्शन के लंबित प्रकरणों का करें शीघ्र निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ जिला पंचायत सीईओ ने विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत टेकचंद अग्रवाल ने कलेक्टरेट के दिशा सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर टीएल के संबंधित पत्र, विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन और अन्य गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों तथा टीएल के प्रकरणों को समय सीमा में कार्रवाई नहीं किए जाने पर नाराजगी जताई। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बैठक में दिए गए निर्देशों एवं टीएल में दर्ज प्रकरणों पर गंभीरता के साथ कार्रवाई सुनिश्चित करें। जिला पंचायत सीईओ द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की प्रगति की समीक्षा की गई। उन्होंने नए सर्वे के सत्यापन की स्थिति की जानकारी लेते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्त अपूर्ण आवासों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए, ताकि हितग्राहियों को समय पर आवास का लाभ मिल सके। सीईओ ने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत चल रही गतिविधियों की भी समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट में किस प्रकार प्रभावी रूप से कार्य किया जाए, इसकी कार्यप्रणाली अधिकारियों को समझाई और साफ-सफाई के स्तर को और बेहतर करने हेतु ठोस कदम उठाने को कहा।

इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री जनदर्शन में प्राप्त लंबित आवेदनों की स्थिति की जानकारी लेते हुए सीईओ ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि लंबित आवेदनों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त आवेदनों पर भी त्वरित कार्रवाई होनी चाहिए, अन्यथा संबंधितों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में ट्राइबल विभाग द्वारा संचालित धरती आबा योजना की भी समीक्षा की गई, जिसमें जानकारी दी गई कि 15 से 20 जून तक चयनित ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में विभिन्न विभागों के स्टॉल भी लगाए जाएंगे, जिससे ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं का समेकित लाभ मिल सके।

**राज्यपाल दौरा, शाला प्रवेश उत्सव और योग दिवस की तैयारियों की समीक्षा-** बैठक में आगामी 17 जून को प्रस्तावित राज्यपाल रमेन डेका के दौरे की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने कहा की राज्यपाल द्वारा ग्राम टेमरी को गोद लिया है । उसके विकास, एवं पौधारोपण कार्यक्रम आदि की तैयारी के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपने-अपने अधूरे कार्यों को समय पर पूर्ण करें, ▶▶|शेष पेज 12 पर



# 90 लाख के विकास कार्यों का विधायक ने किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

विधायक ईश्वर साहू ने ग्राम मौहा भाठा में 90 लाख के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि साजा विधायक ईश्वर साहू उपस्थित थे।

विधायक ईश्वर साहू ने पूजा-अर्चना कर महिला स्व-सहायता समूह प्रशिक्षण केंद्र, नवीन प्राथमिक शाला भवन, खाद गोदाम (दो इकाई) एवं किसान कुटी जैसे महत्वपूर्ण विकास कार्यों का उद्घाटन किया।

कार्यक्रम के अंतर्गत पंचायत विभाग द्वारा जिन कार्यों का लोकार्पण हुआ उसमें गौठान शेड निर्माण 10 लाख, महिला स्व-सहायता समूह प्रशिक्षण केंद्र 5 लाख, नवीन प्राथमिक शाला भवन निर्माण 20 लाख, सेवा सहकारी समिति के अंतर्गत किसान कुटी 20 लाख, खाद गोदाम (प्रथम इकाई) 15 लाख, खाद गोदाम (द्वितीय इकाई) 20 लाख रूपये का लोकार्पण शामिल हैं।

इस मौके पर विधायक ईश्वर साहू ने कहा हमारी सरकार की प्राथमिकता अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। साजा क्षेत्र को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र में अधोसंरचना, शिक्षा, कृषि एवं महिला सशक्तिकरण को मजबूती देना ही हमारा लक्ष्य है। आने वाले समय में और भी कई योजनाओं को धरातल पर लाया जाएगा।

कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष अजय साहू, उपाध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग पवन शर्मा, प्रतिनिधि सभापति जिला पंचायत बेमेतरा ▶▶|शेष पेज 12 पर

# फरमान: निगम में गुप-चुप अनुकंपा नियुक्ति और पदोन्नति की खुलेगी फाइलें

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगरनिगम द्वारा किए गए अनुकंपा नियुक्ति और पदोन्नति के प्रकरणों को लेकर राज्य शासन द्वारा जानकारी मांगे जाने से हडकंप की स्थिति निर्मित हो गई है। छग लोक आयोग ने एक पत्र जारी कर नगरीय प्रशासन विभाग को जानकारी मांगी है। जिसके बाद नगरीय प्रशासन विभाग ने नगरनिगम आयुक्त को पत्र के जरिए शिकायत प्रकरण की जानकारी मांगी है।

उल्लेखनीय है किए नगरनिगम दुर्ग में अनुकंपा नियुक्ति मामले में ढेरो शिकायते सामने आई है। लेकिन पिछले सत्ता में रहे लोगों द्वारा सीधे हस्तक्षेप किए जाने के कारण ऐसे गंभीर मामलों में कार्यवाही नही हो सकी थी। जानकारी अनुसार राज्य शासन ने रमेश कुमार शर्मा की सहायक अधीक्षक से सहायक लेखाधिकारी के पद पर की गई पदोन्नति नियमों के विपरीत होना पत्र में उल्लेख किया है। साथ ही नम्रता रक्सेलए भृत्य एवं प्रीति उज्जैनवारए सहायक राजस्व निरीक्षक को निकाय द्वारा दी गई नियुक्ति नियमों के विपरीत होना बताया गया है। इस तरह शासन ने रमेश कुमार शर्माए नम्रता रक्सेल भृत्य एवं प्रीति उज्जैनवार के विरूद्ध क्या कार्यवाही की गई हैए इसकी जानकारी नहीं दी गई है। खबर है किए दो माह बीतने के बाद भी नगरनिगम द्वारा इस संबंध की जानकारी राज्य शासन को उपलब्ध नही कराई गई है।

**खास बातें**

- अपात्रों को भी दी गई अनुकंपा नियुक्ति, शासन ने मांगा ब्यौरा
- सत्ता बदलने के बाद सामने आएगी गड़बड़ी की तस्वीर
- मार्च माह से राज्य शासन ने मांगी जानकारी

## राज्य शासन ने पदोन्नति और अनुकंपा नियुक्ति की मांगी जानकारी, निगम ने नहीं भेजी

### अनुकंपा नियुक्ति की जांच से खुलेगी पोल

नगरनिगम द्वारा एक परिवार में एक से अन्य लोगों को अनुकंपा नियुक्ति दी गई है। जबकि एक परिवार को सिर्फ एक ही लोगों को नौकरी देने का प्रावधान है। वही निगम के कर्मचारी की मौत के बाद पत्नि के नौकरी में रहते हुए भी नौकरी दिए जाने के मामले सामने आए थे। अनुकंपा के आलावा स्वेच्छित सेवानिवृत्त वाले प्रकरण की भी जानकारी मांगी गई है। बहरहाल राज्य शासन द्वारा आदेश मांगे जाने से इन दिनों निगम में चर्चा का माहौल गर्म है। देखना है किए सत्ता परिवर्तन के बाद क्या ऐसे मामलों में कार्यवाही होगी।




### जरुरतमंद आज भी भटक रहे

नगरनिगम दुर्ग में कांग्रेस की सत्ता के दौरान भी कई अनुकंपा नियुक्ति के पात्रता रखने वाले परिजनों को नौकरी नही मिल पाई। जबकि कई बार यह विषय सामान्य सभा के पटल में आ चुके है। इसके बाद भी हितग्राही भटक रहे है। लेकिन निगम द्वारा पद नही होने का हवाला देकर अनुकंपा नियुक्ति नही दी गई। सामान्य सभा में कम से कम ऐसे हितग्राहियों को मिशन क्लीन सिटी जैसे कार्य में रखने की पेशकश भी की गई थी। इस संबंध में ढेरो आवेदन पत्र आयुक्त के समक्ष भी आए है। लेकिन अफसरों ने गंभीरता नही दिखाई है।

**खबर संक्षेप**

### बैठक में वैक्सीनेशन की दी जानकारी

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक कार्यालय कलेक्टर के सभाकक्ष में किया गया। जिसमें जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारीगण सीईओ जिला पंचायत, समस्त आयुक्त नगर पालिका निगम, समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला आयुर्वेद अधिकारी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी व अन्य विभागीय जिला अधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग से डॉ मनोज दानी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ दिव्या श्रीवास्तव, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ भूमिका वर्मा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक समस्त जिला नोडल अधिकारी भिलाई सेक्टर 9 के डॉ डब्ल्यूएचओ के सर्विलांस चिकित्सा अधिकारी, आईएमए, आईपीए के अध्यक्ष व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। उक्त जिला टास्क फोर्स की बैठक में राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम अंतर्गत बच्चों में होने वाले वैक्सीन प्रीवेंटेबल डिजीज एवं 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को डायरिया से बचाव हेतु स्टॉप डायरिया कैंपेन 2025 के आयोजन के संबंध में जिला नोडल अधिकारी द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई। कलेक्टर द्वारा समस्त विभाग को निर्देशित किया गया कि उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु समयबद्ध अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे एवं इसके संबंध में विभिन्न माध्यमों से प्रचार प्रसार किया जाए।

### वार्ड 56 में बनेंगे 4 जगह उद्यान विधायक ने किया भूमिपूजन

**दुर्ग।** दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 56 में उद्यान बनाने विधायक गजेन्द्र यादव ने महापौर अलका बाघमार, पार्षद व नागरिकों की उपस्थिति में भूमिपूजन किया। विधायक की पहल पर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में उद्यान की लंबित मांग का भूमिपूजन होने पर वार्डवासियों ने विधायक गजेन्द्र का आभार जताया। इस दौरान वार्ड के नागरिकों ने पौधा रोपण भी किया ताकी कॉलोनी में हरियाली बनी रहे। बघेरा क्षेत्र में विकास करने और भी कार्य करने नागरिकों से चर्चा की। विधायक गजेन्द्र यादव ने बताया की वार्ड 56 बघेरा हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में 32 लाख की लागत से 4 स्थान पर उद्यान निर्माण हेतु महापौर अलका बाघमार एवं वार्डवासियों के साथ भूमिपूजन किया। अब कॉलोनी में बच्चों को खेलने तथा बड़ो और बुजुर्ग को सुबह शाम टहलने के लिए उपयुक्त स्थल मिल जायेगा।

**अवैध कारोबार : गांव-गांव में नकली गुटखा डंप करने अवैध गोदाम हो रहे संचालित**

# नकली गुटखे के नाम पर करोड़ों का कारोबार, बाहरी व्यापारी सक्रिय

**औषधि प्रशासन विभाग की सांठगांठ से शहर से गांव तक फैला व्यापार**

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कोनारी में करीब डेढ करोड रूपए से अधिक की नकली गुटखे के कारोबार का भंडाफोड होने के बाद लगातार नए तार सामने आ रहे है। नकली गुटखा के आलावा करोडों रूपए की बीडी तक बाजार में खप रही है। दुर्ग सहित आसपास के ग्रामीण इलाको में नकली गुटखा खपाने के लिए अवैध गोडाउन में तैयार किए गए है। जहां से फेरीवाले को अच्छ खासी मजदूरी राशि देकर जिलेभर में रोज करोडों रूपए का व्यापार किया जा रहा है। मजे की बात यह है किए औषधि प्रशासन विभाग के सांठगांठ से जिले में ही नकली गुटखा की पैकेजिंग की जा रही है।

हाल ही में ग्रामीणों के शिकायत के बाद हरकत में आए विभाग ने छापामार कार्यवाही की है। अंडा के पास कोनारी गांव में अवैध गुटखा फैक्ट्री ने प्रशासन को भी सक्ते में डाल दिया है। यहां डेढ करोड से अधिक का गुटखा पकडा गया है। जिसे बाजार में सप्लाई कर खपाया जा रहा था। बात यही तक खत्म नही होती इस तरह का गोरखधंधे के पीछे बिहारी व्यापारी दुर्ग में सक्रिय हो गए है। इनके जरिए लोकल सेल्स मैन तैयार कर इसे शहर व गांव में खपाया जा रहा है। इसमें गुटखा व गोला बिडी जैसे उत्पाद शामिल है। ऐसे नकली उत्पाद पर नजर रखने की जिम्मेदारी औषधि प्रशासन विभाग की हैए लेकिन विभाग के अफसरों के सांठगांठ से ही इस तरह का




### दूसरे जिले के कारोबारी हैं शामिल

दुर्ग न सिर्फ जिला है, बल्कि यहां से आधा दर्जन जिलों की मानिटरिंग होने के चलते इसे संभागीय कार्यालय का ओहदा है। लेकिन यही से इस तरह के कारोबार फल फूल रहे है। प्रतिबंधित जर्दायुक्त गुटखों के साथ नकली गुटखों का कारोबार भी एक बार फिर से पैर पसारने लगा है। मिलते.जुलते नामों से शहर व आसपास की फैक्टरियों में ही इसे बेहद गोपनीय तरीके से तैयार किया जा रहा है। इसके निर्माण से लेकर खुदरा सप्लाई के लिए एक गिरोह काम कर रहा हैए जिसकी सप्लाई चेन शहर से लेकर वनांचल तक फैली हुई है।

### बाहरी राज्यों से पहुंच रहा कच्चा माल

मध्यप्रदेश व उत्तरप्रदेश के शहरों से कच्चा माल मंगाकर पैकेजिंग की जा रही है। हालांकि दिल्ली में ईडी के छापे के बाद यहां भी इसके व्यापार से जुडे सिडिकेट के बीच हड़कंप हैए लेकिन ऐसे लोगों पर खाद्य व औषधि प्रशासन विभाग कोई कार्यवाई नही कर पा रहा है। चलन वाले नाम के गुटखा पाउचों की जमकर नकल की जा रही है। हुबहू नाम देकर उसकी वैसी ही पैकिंग की जा रही हैए जिस तरह की पैकिंग असली कंपनी देती है।

### शरीर के लिए बेहद हानिकारक

बाजार में गुटखा के कई ब्रांड उपलब्ध है। जिसका कापी कर नकली गुटखा तैयार की जा रही है। इसकी पैकेजिंग भी मापदंडों को दरकिनार कर किया जा रहा है। जिससे यह स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक है। सूत्रों ने बताया किए गांव.गांव के पान ठेलों में जाकर रिटेलर थोक में बेहद सस्ता दर भी लगा रहे है।ए जिसके बदले उन्हें मोटी कमीशन मिल रही है। इसके बाद भी औषधि प्रशासन विभाग के अफसर के नाक के नीचे पूरा कारोबार चल रहा है।

### संभागायुक्त ने लगाई थी फटकार

नकली गुटखा का कारोबार इतना तेजी से बढ रहा है किए इन दिनों इस तरह के पान ठेले स्कूल व कालेजों के आसपास जम गए है। सुबह टपरी लेकर बैठे दुकानदार शाम को पूरा समान समेटकर चले जाते है। दिनभर स्कूल व कालेजों के आसपास प्रतिबंधित गुटखा बेचे जा रहे है। इसके बाद भी स्वास्थ्य विभाग के नुमाइंदे कार्यवाही के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति करते नजर आते है। कोनारी में हुए कार्यवाही में अब तक जिला प्रशासन का बयान सामने नही आया है।

## तहसीलदार ने वीडियोकॉलिंग से पक्षकार का लिया बयान



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कोर्ट की सुनवाई में विलंब होने के कारण पक्षकार को न्याय नही मिलने की समस्या को तहसीलदारों ने पलभर में सुलझा दिया। कोर्ट में किसी कारण से पक्षकार उपस्थित नही हो पा रहे थे। लंदन में होने के कारण सुनवाई में देरी हो रही थी और प्रकरण का निपटारा नही हो पा रहा था। ऐसे में संवेदनशीलता का परिचय देकर दुर्ग तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता ने वीडियों कांन्फ्रेसिंग के जरिए सुनवाई कराई।

- पक्षकार लंदन में होने के कारण सुनवाई में विलंब

नगरीय निकायए पंचायत चुनाव फिर सुशासन तिहार के आवेदनों के निराकरण में व्यस्तता के कारण राजस्व प्रकरणों की सुनवाई की रफ्तार धीमी पड़ गई थी। पीठासीन अधिकारियों के शिविर आदि में रहने के कारण पक्षकारों को मायूस होकर न्यायालय से बिना सुनवाई लौटना पड़ रहा था। लेकिन कोर्ट में भी अब डिजीटल सुनवाई से राजस्व न्यायालयों के सुनवाई में तेजी आई है। हाल ही में राजस्व प्रकरणों की सुनवाई के दौरान पक्षकारों ने बताया किए एक हितबद्ध पक्षकार लंदन में रहते है और वे न्यायालय में उपस्थित नहीं हो सकते तो पीठासीन अधिकारी तहसीलदार प्रफुल्ल कुमार गुप्ता ने पक्षकारों की परेशानियों को समझते हुए प्रकरण के शीघ्र निराकरण के उद्देश्य से विदेश ;लंदनद्ध में बैठे पक्षकार को वीडियो कॉलिंग कर प्रकरण में उनका पक्ष गंभीरता से सुना। पक्ष सुनकर प्रकरण अंतिम फैसला के लिए रख लिया।

### मृतक के परिजन को मिली आर्थिक सहायता

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने दुर्घटना में मृतक के परिजन को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मीलपारा रिसाली बस्ती भिलाई तहसील व जिला दुर्ग निवासी स्व कुंजलाल देशमुख की विगत 15 नवम्बर 2023 को डबरी तालाब रिसाली गांव नेवई में तालाब में उतरते समय पैर फिसलने से गिरने पर पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर द्वारा शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के प्रावधानों के अनुरूप स्व कुंजलाल देशमुख की पत्नी परदेशनीन बाई को 04 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

## जनदर्शन में मुर्गी फॉर्म हटाने की मांग सहित मिले 160 आवेदन, कलेक्टर ने दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

अपर कलेक्टर ने साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। जनदर्शन में संयुक्त कलेक्टर सिल्ली थॉमस एवं हितेश पिस्दा भी उपस्थित थे। उन्होंने लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने कहा। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित 160 आवेदन प्राप्त हुए।

- अपर कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं



पोलसाय पारा दुर्ग निवासी एक अभिभावक ने आरटीई शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत अपने पुत्र को दूसरे स्कूल में प्रवेश दिलाने के लिए आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि उनका पुत्र पहले ड्रीम इंडिया स्कूल, सिंधी कॉलोनी में आरटीई के तहत पढ़ाई कर रहा था, लेकिन स्कूल बंद हो जाने के कारण अब उसका भविष्य अंधकारमय हो गया है। पुत्र को घर के समीप आरटीई के तहत किसी अन्य प्राइवेट इंग्लिश मीडियम स्कूल में दाखिला दिलाने गुहार लगाई।

### भूमि अधिग्रहण के मामले को लेकर शिकायत

ग्राम चंगोरी तहसील पाटन निवासी एक किसान ने भारत माला सड़क परियोजना के अंतर्गत अधिग्रहित की गई भूमि का उचित मुआवजा न मिलने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि उनकी कृषि भूमि ग्राम बठेना में स्थित है जो पाटन से जामगांव होते हुए रायपुर मुख्य मार्ग से लगी हुई है। इस परियोजना के तहत उनकी जमीन अधिग्रहित की गई, लेकिन उसका उचित मूल्यांकन नहीं किया गया। जिससे उन्हें निर्धारित मुआवजा राशि प्राप्त नहीं हुई। किसान ने भूमि का पुनर्मूल्यांकन कर सही मुआवजा दिलाने की मांग की है। इस पर अपर कलेक्टर ने एसडीएम पाटन को मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने कहा।

## ग्रामीणों को मोर गांव मोर पानी की बता रहे खूबियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा के अंतर्गत गुड गवर्नेंस गतिविधियों के तहत जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में प्रति माह रोजगार दिवस का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार दिवस में ग्रामीणों एवं जॉब कार्डधारी परिवारों को मनरेगा के दिशा.निर्देशों योजनाओं और उनके अधिकारों को जानकारी देकर उन्हें सशक बनाना जा रहा है।

- जन मनरेगा जल दूत एप्प एवं युक्तधारा पोटर्ल की जानकारी

मनरेगा के श्रमिकों आधार बेस्ड भुगतान एवं एनएमएमएस ऐप ई.एमबी ऐप मास्टर की एन्ट्री की जानकारी दिया गया। मनरेगा के तहत गुणवतापूर्ण जल सरंक्षण, आजीविकास संबंधर्न ओर पर्यावरण स्थिति में सुधार लगाया जा सकता है। महाअभियान में ग्रामीणों को बताया गया किए जीआईएस तथा अन्य तकनीकी उपयोग से बेहतर योजना और पारदर्शिता बनाये जावेगा। पंचायती राज के जनप्रतिनिधि, महिला संगठनों एवं कैडर की क्षमता निर्माण करना ताकि वे जल सुरक्षा और आजीविका योजनाओं के निर्माण होगा।



### आवास बनाने में 90 दिन की मिल रही मजदूरी

इस दौरान जनमनरेगाए पोर्टल एक पेड़ मां के नाम अभियान और जल संरक्षण मोर गांव मोर अभियान की विस्तार से जानकारी दी गई। ग्रामीणों को मनरेगा की बढ़ी हुई मजदूरी 261 ;अप्रैल 2025 से लागूद्ध की जानकारी दी गई। आवास योजना के अंतर्गत 90 दिवस मजदूरी भुगतान की प्रक्रिया समझाई गई। रोजगार दिवस जनपद पंचायत दुर्ग ग्राम पंचायत ढाबाए नगपुराए मतवारीए ननकट्टीए खपरी कुण्ए उमरकोटीए पउवाराए अंजोरा खए जनपद पंचायत पाटन सांतराए कोटनाए तरवाएए अकतईए तर्राए टेमरीए ओदोगहनए जनपद पंचायत धमधा ग्राम पंचायत पथरिया सए चेटुआए बिरोदा रोजगार दिवस का आयोजन किया गया।

### वर्षा जल सहेजने चला रहे अभियान

मनरेगा के तहत किसानों के हित के तहत वर्षा के बूंद.बूंद सहेजने हेतु जन.जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। रिचार्ज पीट व सोक पीठ निर्माण कार्य बढी संख्या में स्वीकृति किया गये वही नल जल योजना के तहत सभी घरों में पानी की सुविधा दिया जा रहा है। वही बहते पानी की रोकने हेतु जागरूकता अभियान चला कर स्वच्छ व शुद्ध जल की जानकारी भी दी जा रही है। ग्रामीण कृषकों कच्ची एवं पक्की नाली डबरी व कुंआ निर्माण के महत्वपूर्ण जानकारी भी जा रही है।

## संकल्प से सिद्धि अभियान के लिए जिला स्तरीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के विकसित भारत के अमृतकाल और सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के गौरवपूर्ण 11 साल पूरे होने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाई जाने वाले 'संकल्प से सिद्धि' अभियान के लिए दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में जिला स्तर पर कार्यशाला आयोजित की गई। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मुख्य वक्ता खूबचंद पारख ने कहा कि 'संकल्प से सिद्धि अभियान समेत अन्य सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने में कार्यकर्ता प्राण-प्रण से जुट जाएं। आज पार्टी का जो विशाल स्वरूप हम देख रहे हैं। उसमें पार्टी के इन सभी कार्यक्रमों की महती भूमिका है। हमारे जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी व कार्यकर्ता इन कार्यक्रमों के माध्यम से जनता जनार्दन से सीधे जुड़ते हैं। कार्यक्रम को लेकर समाज के बीच जाने से जनता तक हमारा चिंतन विचार पहुंचता है। कांग्रेस लगातार झूठ फैलाने में लगी रहती है, इसलिए इस राष्ट्र को आगे बढ़ाने और राष्ट्रवाद की भावना को प्रखरता प्रदान करने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में हुआ। यह सब इन कार्यक्रमों के जरिए जनता को हम बताएं। केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार के कार्य योजनाओं और उपलब्धियों की चर्चा करते हुए श्री देव ने कहा कि जनता को इन कार्यक्रमों के जरिए सच्चाई और कांग्रेस के झूठ का पर्दाफाश करना है।

पेज 11 के शेष...

### अस्पतालों में लगा...

उपचार एवं विशेष परामर्श प्रदान किया गया। अभियान के तहत इन महिलाओं का विशेष ध्यान रखा गया। शिविर में दी गई सेवाओं एवं परामर्श के जरिए मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने में सहयोगी कदम उठाए गए। **महिलाओं को कई समस्याएं भी: सिविल सर्जन-** जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. लोकेश साहू, गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. विभा बर्मन एवं डॉ. खुशबू देवांगन ने बताया कि उच्च जोखिम वाली महिलाओं में वे शामिल थीं। इनमें पहला प्रसव ऑपरेशन से हुआ हो, जिनका पहले गर्भपात या मृत शिशु जन्म हुआ हो, कम वजन या कम ऊंचाई, कम उम्र में गर्भधारण, आनुवांशिक बीमारियां, रक्त की कमी, सिकलिंग, हेपेटाइटिस बी और सी, एचआईवी पॉजिटिव, सिफलिस, उच्च रक्तचाप एवं शुगर जैसी समस्याएं शामिल थीं।

### डाइट में डीएलएड...

यादव निरीक्षण में आए। 5 जून को मंडल सदस्य ऋषि कश्यप इन परीक्षाओं का निरीक्षण करने के लिए डाइट बेमेतरा आए और केंद्राध्यक्ष के कार्यों की सराहना की। 6 जून को मंडल सदस्य जितेंद्र कुमार सिंह निरीक्षण के लिए आए। 10 जून को मंडल सदस्य डॉ प्रफुल्ल कुमार शर्मा निरीक्षण करने आए। इस दौरान डीएलएड द्वितीय वर्ष की परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित पाया गया। अभी तक संचालित परीक्षाओं में किसी भी दिन, कोई भी नकल का प्रकरण नहीं पाया गया। संस्थान के व्याख्याता और सेवा पूर्व प्रशिक्षण प्रभाग के प्रभारी अनिल कुमार सोनी को सहायक केंद्राध्यक्ष तथा डॉ बसुबंधु दीवान को परीक्षा समन्वयक बनाया गया है। जबकि परीक्षा कार्य में कार्यालय सहायक के रूप में कमलेश कुमार शर्मा, सत्येंद्र मिश्रा कार्य कर रहे है। परीक्षा में सहयोगी के रूप में उषा किरण पाण्डेय, जी एल खुटियारे, थलज कुमार साहू, राजकुमार वर्मा, यमुना जांगड़े, कीर्ति घृतलहरे, श्रद्धा तिवारी, अमिंदर भारतीय, नागेंद्र शर्मा, सरस्वती साहू, पूनम पांडेय शामिल हैं।

### पीएम आवास और ...

जल वन जन अभियान के अंतर्गत जिले में जल संरक्षण एवं स्वच्छता से जुड़े कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए सीईओ ने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्माण एजेंसियों को निर्देशित किया कि जो भी शासकीय भवन निर्माणाधीन हैं, उनमें रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाए।सीईओ ने आगामी जुलाई माह से प्रारंभ होने वाले पौधारोपण अभियान की तैयारियों की जानकारी लेते हुए कहा कि जिले की समस्त ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में बड़े पैमाने पर पौधरोपण किया जाना है। इसके लिए सभी विभाग अपनी पूर्व-तैयारियों को शीघ्र पूरा करें। बैठक में शाला प्रवेश उत्सव की रूपरेखा की भी समीक्षा की गई। सीईओ ने शिक्षा विभाग को निर्देशित किया कि स्कूलों में समय पर तैयारी पूर्ण कर बच्चों के स्वागत हेतु उत्सव को प्रभावशाली ढंग से आयोजित किया जाए। इसके साथ ही शासकीय कर्मचारियों के स्थानांतरण आवेदन की स्थिति की भी जानकारी ली गई। उन्होंने ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की योजना पर चर्चा की गई। जिला स्तर पर भव्य कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए तथा जनभागीदारी सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने आगामी बारिश के मौसम में पौधारोपण को बढ़ावा देने शिक्षकों के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने को कहा और स्वयं को भी पौधारोपण करने को कहा। उन्होंने सभी विकासखंड में चल रहें कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन की जानकारी ली और जिले में खाद बीज भंडारण और वितरण के संबंध में भी जानकारी ली।

**खराब ट्रांसफार्मरों को बदला जाए-** सीईओ ने बिजली विभाग से कहा की जिन जिन जगहों पर ट्रांसफार्मर खराब हो गए हैं उन ट्रांसफार्मर को बदलने का कार्य भी किया जाना सुनिश्चित किया जायें। उन्होंने ग्रामीण अंचल या खेतों में लटकते हुये तार कनेक्शन तत्काल ठीक कर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया की अभी बरसात के मौसम में बहोत से जेहरीले सांप कीड़े का भय रहता हैं इसके लिए सभी स्वास्थ्य केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में एंटीवेनम वेक्सीन रखने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने डायरिया से बचाव और जागरूकता प्रचार प्रसार करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड ई-केवाईसी, व्यवस्थापन एवं आबंटन, खाद एवं बीज भण्डारण, मिट्टी नमूना संग्रहण, शौचालय निर्माण, निराश्रित पेंशन, मध्याहन भोजन, अनाज भंडारण, मनरेगा, भू-अर्जन सहित अन्य विषयों पर जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर एडीएम अनिल वाजपेयी एसडीएम बेमेतरा प्रकाश भारद्वाज, नवागढ़ दिव्या पोटाई, बेरला दीप्ती वर्मा सहित समस्त जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### 90 लाख के...

गोवेन्द्र पटेल, जनपद पंचायत साजा के अध्यक्ष जितेन्द्र साहू समेत अन्य जनप्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नारद वर्मा, बुलाक साहू, केशव पटेल, लोकेन्द्र भट, डॉ. कमलेश साहू, रोहित राजपूत, रामायण निषाद, वंदना त्रिलोकी साहू, हेमंत साहू, हिमांशु वर्मा आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### मकान से जेवरात चोरी करने वाले चार युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** गृह प्रवेश की रात मकान में चोरी कर लाखों रुपए के जेवरात समेत सामान पार करने वाले चार युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि उमरपोटी निवासी शशी कुमार उपाध्याय के यहां 6 जून को गृह प्रवेश का कार्यक्रम था। कार्यक्रम के बाद सभी देर रात को अपने कमरे में सोने चले गए। तभी रात को अज्ञात मोबाइल समेत जेवरात पार कर फरार हो गए। सुबह उठकर देखने पर आलमारी के कई सामान गायब मिला था। पुलिस में शिकायत करने के बाद जांच शुरु हुआ। उतई पुलिस ने चोर को पकड़ने की तलाश में जुट गई। आसपास में लगे सीसी कैमरों को खंगाला गया। कुछ संदिग्ध युवकों को शिनाख्त कर हिरासत में लेकर पुछताछ किया गया। जिसमें स्टेशन मरोदा एचएससीएल कालोनी दुर्गा मंदिर थाना नेवई निवासी अमित पाण्डेय, गौरव यादव उर्फ आसू , सुमीत पाल, एक अपचारी बालक, वार्ड 21 आशा नगर राजनांदगांव सलमान कुरैशी शामिल है। आरोपियों से पुछताछ करने पर पुलिस को बताया कि उक्त मकान से चोरी करना स्वीकार किया। जेवरात गले का हार 2 लाख , तीन मोबाइल कुल 3 लाख 7 हजार रुपए का जब्त किया गया है। कार्रवाई में डीएसपी विपिन रंगारी समेत उनकी टीम का योगदान रहा।

### जयप्रकाश बने अध्यक्ष



**भिलाई।** नव युवा चेतना मंच जोन 2 चरोदा गणेश कमेटी की मीटिंग संपन्न हुई। जिसमें पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शशिकांत बघेल चरोदा मंडल अध्यक्ष ए गौरीशंकर, पार्षद चंद्र प्रकाश पांडे मौजूद थे। इस दौरान सर्वसम्मति से कमेटी का अध्यक्ष जयप्रकाश पांडे, कोषाध्यक्ष सनातन ठाकुर को चुना गया। इस दौरान बैठक में तीज राम वर्मा विकास कुमार एम अरुण विशाल भौतिक गौतम महानंद, पी दिलीप, पी संजय, संतोष दास, राजू वर्मा, ए वासु, आशीष तिवारी, अविनास, दिलीप पटेल, अजय तिवारी शामिल थे।

# नई पीढ़ी के पैकेज्ड भोजन की पसंद से बढ़ रहा है टनों प्लास्टिक कचरा

## इंडिया संस्था ने की प्लास्टिक प्रदूषण निदान पर परिचर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) की भिलाई शाखा द्वारा इंस्टीट्यूशन ऑफ प्लांट इंजीनियर्स छग चैप्टर के सहयोग से पर्यावरण दिवस पर प्लास्टिक प्रदूषण नियंत्रण पर परिचर्चा आयोजित हुई। मुख्य अतिथि बीएसपी के ईडी बिपिन कुमार गिरी और विशिष्ट अतिथि सिपेट के प्रधान निदेशक डां. आलोक साहू और डां. प्रबीर कुमार नायक, क्षेत्रीय निदेशक, उत्तर मध्य छत्तीसगढ़ क्षेत्र, केन्द्रीय भूजल बोर्ड रायपुर थे। स्वागत भाषण में मानसेवी सचिव बसंत साहू ने दिया।

श्री गिरी ने कहा कि नयी पीढ़ी की पैकेज्ड भोजन की पसंद की वजह से प्लास्टिक कचरे में बहुत अधिक बढ़ा है। आज प्लास्टिक प्रदूषण की समस्या अव्यवस्थित निपटान से हो रही है। सरकार और संस्थाएं पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रयास कर रही है पर आम जनमानस की मानसिकता में बदलाव आने से ही हम प्रकृति और पर्यावरण कीरक्षा कर पायेंगे। वक्ता डां. डॉ. साहू ने कहा कि प्लास्टिक का प्रदूषण के लिए आम-जनमानस की सोच बहुत हद तक जिम्मेदार है। भारत में सिर्फ 60% प्लास्टिक वेस्ट की रीसाइक्लिंग हो पा रही है।



### पानी की कम खपत वाली फसल उत्पादन करें

डॉ. नायक ने कहा कि आज शहरों तथा ग्रामीण क्षेत्रों की आबादी, कृषि कार्य और उद्योग, सभी की निर्भरता भूजल पर बढ़ी है। कृषि क्षेत्र में सबसे अधिक भूजल का ऊपयोग होता है, जिसमे प्रति किलोग्राम चावल के उत्पादन में 1500 से 2000 लीटर जल की खपत होती है। उन्होंने चावल के उत्पादन को आवश्यकता अनुसार करने तथा अन्य फसलों जिनमें पानी की खपत कम है, के उत्पादन पर जोर दिया। भिलाई केंद्र के अध्यक्ष पुनीत चौबे ने कहा कि प्लास्टिक कचरा न सिर्फ ख़राब दिखता है बल्कि यह भूमि को भी प्रदूषित व उर्वरता को भी कम कर रहा है। उपाध्यक्ष बीपी यादव ने भी विचार व्यक्त किए। शंकराचार्य इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों ने स्वनिर्मित पर्यावरण अनुकूल इलेक्ट्रिक साइकिल का भी प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में इंडिय संस्था के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप तिवारी, बीएसपी के पूर्व सीजीएम एसवी नंदनवार, पूर्व जीएम पीके नियोगी सहित आईआईटी, सेट/सेल, एनएस पीसीएल, एसीसी, मेकान के अधिकारी भी थे।

## लाइसेंस पर आवास आवंटन से समस्या का होगा समाधान

# टाउनशिप में क्वार्टरों के कब्जे की समस्या से हो रहा दोतरफा नुकसान

### हायर केटेगरी के आवासों की कमी, यूनियनों ने प्रबंधन से की लाइसेंसी आवास की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी टाउनशिप में क्वार्टरों के कब्जे की बढ़ती समस्या से बीएसपी के साथ कर्मचारियों को भी खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। मेन पावर कम होने के साथ ही आगे यह समस्या और भी विकट होती जाएगी। हायर क्वार्टरों की कमी को देखते हुए अतिक्रमण की समस्या के निदान के लिए अब लायसेंस पर आवास आवंटित किए जाने की मांग जोर पकड़ रही है। यूनियनों द्वारा कब्जे से निजात पाने के लिए बीएसपी प्रबंधन से लायसेंस पर आवास दिए जाने की पुरजोर मांग की जा रही है।

बीएसपी में पिछले लंबे समय से भर्ती बंद होने और कर्मियों के रिटायर होने से मेन पावर कम होता जा रहा है। वहीं दूसरी ओर 1960,70 के दशक में बने टाउनशिप के बीएसपी आवासों वर्षों पुराने होने से जर्जर होते जा रहे हैं। इस बीच क्वार्टरों में बेजा कब्जे की समस्या भी वर्षों से लाइलाज बनी हुई है। इससे बीएसपी को पानी बिजली का नुकसान और कर्मियों को आवासों की किल्लत से गुजरना पड़ रहा है। कब्जे की समस्या के निदान के लिए यूनियनें हायर कैटेगरी के क्वार्टरों की संख्या कम होने को देखते हुए प्रबंधन से लायसेंस पर आवास उठाने की मांग कर रही हैं। इससे जरुरतमंदों को मकान मिलेगा और बीएसपी के राजस्व में इजाफा होगा। बीएसपी हर महीने कर्मियों को 5 करोड़ रुपए एचआरए देता है। उल्लेखनीय है कि बीएसपी कर्मियों के तेजी से रिटायर होने से मकान खाली हो रहे हैं लेकिन हायर कैटेगरीज के अवास कम हैं। यूनियन सूत्रों के मुताबिक टाउनशिप में कुल करीबन 38 हजार बीएसपी क्वार्टर हैं, जिन्हें बीएसपी कर्मियों के अलावा थर्ड पार्टी, रिटेंशन व लायसेंस आदि योजनाओं में भी आवंटित किया गया है। वर्तमान में बीएसपी कर्मचारी मात्र 11 हजार और जबकि उनके लिए विभिन्न कैटेगरी के मकानों की संख्या सिर्फ 1628 हैं। वहीं अधिकारियों की तादाद 2629 है जबकि उनके लिए क्वार्टर मात्र 1 हजार ही बचे हैं। इनमें सी-3 श्रेणी के ईक्यू -1 वाले 2460 क्वार्टर शामिल नहीं हैं।

**खास बातें**

- बीएसपी अधिकारियों की संख्या 2629 है जबकि ईक्यू-2 से केटेगरी 5 तक के आवास 1 हजार है
- कर्मचारी है 11 हजार जबकि मकान हैं 21 हजार



### एक्जीक्यूटिव व नॉन एक्जीक्यूटिव क्वार्टरों की संख्या

ईक्यू-1 कैटेगरी- 2460 क्वार्टर, ईक्यू-2-436 क्वा., ईक्यू-3 384, ईक्यू -4 -110,ईक्यू-5 152 मकान हैं। ईक्यू-1 के 2460 आवासों को छोड़कर कुल 1 हजार क्वार्टर टाउनशिप में स्थित हैं। जबकि एक्जीक्यूटिव 2629 है। वहीं नान एक्जीक्यूटिव 11 हजार कार्यरत हैं। कर्मचारियों के के एनक्यू-1 से एनक्यू 2 श्रेणी के कुल 21 हजार आवास हैं। एनक्यू-1 कैटेगरी के 13945 क्वार्टर, एनक्यू-2 के 7832, एनक्यू-3 के 1160, एनक्यू-4 में 4866 और एनक्यू-5 कैटेगरी के 1628 बीएसपी क्वार्टर हैं। जबकि कर्मचारी मात्र 11 हजार ही हैं। कर्मियों के एनक्यू-1 व 2 कैटेगरी के 21 हजार मकानों में 3 हजार अनफिट मकानों को डिस्मेंटर कल दिया गया है। वहीं 8 हजार क्वार्टर लायसेंस पर आवंटित हैं। 12 हजार रिटेंशनधारी हैं। वहीं 1 से 2 हजार मकान कब्जे में बताए जाते हैं। अतिक्रमण की समस्या से निजात पाने यूनियनें प्रबंधन को हायर केटेगरी के क्वार्टरों को कमी को देखते हुए लायसेंस पर आवास आवंटित किए जाने का सुझाव दे रही हैं।

# राजहरा माइंस में ड्राइविंग प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरु



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी के महामाया माइंस के सीएसआर के तहत महिला सशक्तिकरण के लिए इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग एंड ट्रैफिक रिसर्च (आईडीटीआर) के सहयोग से राजहरा माइंस में ड्राइविंग प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरु हुआ। मुख्य महाप्रबंधक आरबी गहरवार थे। शिविर में आसपास के ग्रामों की 21 महिलाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक अरुण कुमार, उप महाप्रबंधक शिवेश कुमार, आईडीटीआर के निदेशक अमित गुप्ता व उप प्रबंधक केके वर्मा भी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने कहा कि आज के परिवेश में ड्राइविंग एक यथार्थवादी व्यवसाय और लाभ का माध्यम बन सकती है, जिससे महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हो सकेंगी।

- महिलाएं होंगी स्वावलंबी

### सावधानियों की दी जानकारी

उप प्रबंधक केके वर्मा ने प्रशिक्षुओं को व्यावसायिक उपयोगों और ड्राइविंग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के विषय में जानकारी दी। कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षु महिलाओं को पहले लर्निंग लाइसेंस प्राप्त करने में सहायता की जाएगी, जिसके पश्चात प्रशिक्षण पूरा होने पर उन्हें स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम में कलवर, महामाया सहित आसपास के ग्रामों की महिलाओं ने भाग लिया।

### भारत सरकार के अधिकारी कल से तीन दिवसीय दौरे पर

**बेमेतरा।** निर्देशक उद्योग एवं वाणिज्य भारत सरकार अमित कुमार अग्रवाल एवं सर्वोदय बारीक (वैज्ञानिक) जल शक्ति अभियान 12 जून को बेमेतरा जिले में तीन दिवसीय दौरे पर रहेंगे। वह 12 जून को जल शक्ति अभियान की समीक्षा करेंगे। इसी दिन जल शक्ति अभियान के तहत किए गए जल संरचनाओं कार्य स्थल का भ्रमण करेंगे। दूसरे दिन 13 जून को भी जल संरचनाओं कार्य स्थल भ्रमण कर कार्यों को देखेंगे।

# एससी, एसटी एम्पलाइज एसोसिएशन बीएसपी के मुख्य महाप्रबंधक से मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



बीएसपी एएसी/एसटी एम्पलाइजएसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने प्रतिनिधि मंडल भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक अनूप कुमार दत्ता से मिलकर कर्मियों व ठेका मजदूरों की समस्याओं के जल्द निदान की मांग की। सीजीएम ने आश्वस्त किया है।

अध्यक्ष कोमल प्रसाद ने सिंटर संयंत्र में गठित विभागीय समिति के पदाधिकारियों का परिचय दिया और संगठन की पत्रिका भेंट की। उन्होंने एस सी /एस टी अधिकारियों को ग्रेडिंग के मामले में मांग की कि एसोसिएशन को कुछ शिकायतें आईं हैं कर्मियों के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए। नियमित कर्मचारियों और संयंत्र में कार्यरत ठेका श्रमिकों की सुरक्षा और मूलभूत सुविधाएं जैसे शौचालय, विश्राम कक्ष, केन्टीन आदि समस्याएं भी जल्द पूर्ण हों। सीजीएम ने आश्वस्त किया कि जहां सुधार की आवश्यकता है वहां सुधार और मरम्मत कार्य चल रहा है। सिंटर प्लांट की शिकायत पर उन्होंने बताया किकभी-कभी नोजल की खराबी या मोटर पम्प की खराबी के कारण से यह समस्या आ जाती है परतु उसे ठीक कर लिया जाता है। ऊपर से गिरते डस्ट को नीचे तक बिना उडे पहुंचाने की तकनीक पर कार्य कर रहे हैं जिससे फाईन डस्ट की समस्या से बहुत हद तक छुटकारा मिल सकता है। महासचिव विजय कुमार रात्रे ने सिंटर संयंत्र एवं ओएच पी के अनुसूचित जाति एवं जनजाति के नियमित कर्मचारियों को अंतर संयंत्र प्रशिक्षण के लिए भेजे जाने की मांग की। प्रतिनिधि मंडल में कार्यकारी अध्यक्ष चेतन लाल राणा, उपाध्यक्ष वेद प्रकाश सूर्यवशी, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार खेलवार, विभागीय समिति के अध्यक्ष मोहित ठाकुर, सचिव जसवंत नेताम, कोषाध्यक्ष उदय कुमार राम, उमेश कुमार सूर्यवंशी शामिल थे।

- कर्मियों व मजदूरों की समस्याओं का जल्द हो निदान

# दो दिन बाद मिलेगा 5 हजार घरों में पेयजल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



अवंती बाई चौक के समीप फरीदनगर टंकी से संयोजित 300 डाया डीआई प्रमुख राइजिंग पाइप लाइन गुजरती है। इसके माध्यम से फरीद नगर एवं उससे लगे हुए क्षेत्र में नियमित पानी सप्लाई लाइन किया जाता है।

दो दिनों में लगभग 5000 घरों में जलापूर्ति बाधित थी। दो से तीन जगहों पर लीकेज था, उसे ठीक कराया गया , फिर भी सप्लाई में समस्या आ रही थी। उसे निगम के अभियंताओं द्वारा गहनता के साथ पता किया गया, तो पता चला कि अवंती बाई चौक के पास से जो राइजिंग पाइपलाइन गुजरती है वह पंचर हो गयी है। इसके कारण पानी सप्लाई नहीं हो पा रही थी।

- अवंतीबाई चौक पर पाइप लाइन हो गई थी पंचर

### शाम से पानी सप्लाई शुरू

आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने निर्देश दिया कि गर्मी को देखते हुए बिना देर किए काम शुरू किया जाए। प्राप्त आदेशानुसार उपअभियंता पुरुषोत्तम सिन्हा अपनी टीम को लेकर युद्ध स्तर पर कार्य करवाए। जिसका नतीजा यह रहा कि पाइप लाइन ठीक हो गया है। पहले पानी की टंकी भरी हुई थी, उसके माध्यम से शाम तक जलापूर्ति सुविधा सुचारू रूप से बहाल की गई। पानी का सप्लाई नियमित रूप से होगा।

# गुणवत्ताविहीन कार्यों का भुगतान रोकेगा रिसाली निगम, अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रिसाली

नगर पालिक निगम रिसाली की महापौर शशि सिन्हा ने विजिट के दौरान ठेकेदारों को दो टूक कहा है कि खराब गुणवत्ता वाले कार्य पर निगम भुगतान नहीं करेगा। दरअसल वे निगम क्षेत्र में निर्माणधीन कार्य का निरीक्षण लगातार कर रही है। इस दौरान उन्होंने निगम क्षेत्र में बनने वाले रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को भी देखा।

महापौर सिन्हा अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए है कि खराब गुणवत्ता वाले कार्यों की फाइल को आगे न बढ़ाए। जांच में प्रथम, द्वितीय किस्त जारी करने पर सीधे अधिकारी के खिलाफ गुणदोष के आधार पर कार्यवाही करने उच्च अधिकारियों को पत्र प्रेषित किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम निर्माण कार्य कई जगह पर चल रहा है। इस कार्य को अधिकारी सूक्ष्मता से देखे। महापौर शशि ने स्थल चयन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दी। उन्होंने महापौर परिषद के सद्स्य जहीर अब्बास, संजू नेताम, अनिल देशमुख के साथ वार्ड 17 शिव पारा, वार्ड 19 विजय चौक, वार्ड 20 शंकर पारा, वार्ड 26 अवधपुरी में निर्माणधीन रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का निरीक्षण की।

- रिसाली महापौर ने औचक निरीक्षण के दौरान दिए निर्देश



### 300 चयनित स्थानों में 85 पर काम आरंभ

निगम क्षेत्र में भूमिगत जल स्त्रोत को बढ़ाने और बारिश के पानी को सहेजने लगभग 300 स्थानों का चयन रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाने किया गया है। उक्त कार्य अनुराग शर्मा और मेसर्स रविन्द्र भगत द्वारा किया जा रहा है। दोनो ही एजेंसी अलग-अलग क्षेत्रों में कुल 85 चिन्हित स्थानों पर कार्य आरंभ किया है।

## एक्सटेंशन बैच का केंद्रीय इंडक्शन कार्यक्रम शुरु

# सेल के प्रबंधन तकनीकी प्रशिक्षु होंगे लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के प्रबंधन प्रशिक्षु (तकनीकी) एक्सटेंशन बैच के केंद्रीय इंडक्शन कार्यक्रम भिलाई निवास में शुरु हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन सेल के निदेशक केके सिंह ने वर्चुअली माध्यम से जुड़कर किया। निदेशक और भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अतिरिक्त प्रभार मनीष राज गुप्ता ने भी वर्चुअल माध्यम से नवप्रवेशित 57 प्रशिक्षुओं की हौसलाअफजाई। शुभकामनाएं दीं।मंच पर ईडी एस मुखोपाध्याय, पवन कुमार, राकेश कुमार, व संजय धर उपस्थित थे।

कार्यक्रम मेंग्लिम्प्सेस फ्रॉम ऑनबोर्डिंग ऑफ एक्सटेंशन बैच ऑफ सेल एमटीटी और 'इंट्रोडक्शन टू सेल शीर्षक से प्रस्तुत दो परिचयात्मक वीडियो के साथ हुई, जिनके माध्यम से प्रशिक्षुओं को सेल की कार्यप्रणाली और अधोसंरचना की झलक प्रदान की गई। इसके पश्चात कुछ प्रशिक्षुओं ने सेल से अपनी अपेक्षाएं साझा कीं।

श्री सिंह ने कहा कि हमने अनेक उतार-चढ़ाव देखे हैं, परन्तु हर परिस्थिति में हम टिके रहे हैं। मात्र परिस्थिति का सामना करना पर्याप्त नहीं है। अब आवश्यकता है नवोन्मेष और योगदान की।श्री गुप्ता ने कहा कि यह प्रशिक्षण अवधि आपके लिए सीखने व उत्कृष्टता का अवसर लेकर आई है। उन्होंने सुरक्षा, स्वास्थ्य, और मानसिक-शारीरिक कल्याण को प्राथमिकता देने की सलाह दी। ईडी एस मुखोपाध्याय ने प्रशिक्षुओं से समाज और पर्यावरण के हित में कार्य करने का आग्रह किया।






### 57 प्रशिक्षु ले रहे भाग

ईडी राकेश कुमार एवं कार्यकारी कार्यपालक निदेशक संजय धर ने भी अपने विचार व्यक्त किए और प्रशिक्षुओं को सेल में आगे बढ़ने और सीखने के अनुकूलतम अवसर मिलने का विश्वास दिलाया। पवन कुमार ने स्वागत भाषण दिया। संदीप माथुर ने कार्यक्रण में धन्यवाद ज्ञापन व संचालन उप प्रबंधक सुष्मिता पाटला ने किया। नवप्रवेशित 57 प्रशिक्षु 18 जून तक चलने वाले 12 दिवसीय केंद्रीय इंडक्शन कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं, जिसे भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न संकायों द्वारा संचालित किया जा रहा है। इसके बाद प्रशिक्षुअपने नियोजित संयंत्रों में कार्यभार ग्रहण करेंगे।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण

100% CAMPUS PLACEMENT

पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग
(02 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : जी.एन.एम.उत्तीर्ण एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण

जी.एन.एम. नर्सिंग
(03 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण



रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग
मॉडल टाउन, नेहरू नगर (पूर्व) भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
9300558900, 9300509100

# बापूनगर घटना के आरोपियों के पकड़े नहीं जाने पर देवेन्द्र ने दी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव सोमवार को पुलिस अधीक्षक से विशेष मुलाकात की। खुर्सीपार बापूनगर में जो घटना हुई है। पीड़ित परिवार के साथ इंसाफ की फरियाद लेकर यादव भी कलेक्ट्रेट पहुंचे और एसपी से मुलाकात की। बताया कि आज तक आरोपियों को पकड़ा नहीं गया है। लगातार परिवार पर पुलिस प्रशासन दबाव बना रही है। अगर जल्द से जल्द आरोपी नहीं पकड़े गए और उचित कार्यवाही नहीं हुई तो कांग्रेस पार्टी चरणबद्ध आंदोलन करेगा।

## गारमेट फैक्ट्री का काम अधूरा, निरीक्षण कर जल्द पूरा करने के दिए निर्देश

### जनदर्शन में पहुंचे विधायक देवेंद्र

इस मुलाकात में विधायक ने खुर्सीपार, टाउनशिप क्षेत्र और औद्योगिक इलाकों से जुड़ी विभिन्न जनसमस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने क्षेत्र की जनता से प्राप्त फीडबैक के आधार पर सात प्रमुख मुद्दों को प्रशासन के समक्ष रखा और शीघ्र निराकरण का निर्देश दिया है। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि कि छात्रों के बेहतर भविष्य को ध्यान में रख कर बनाया गया डिजिटल लाइब्रेरी जहां ऑनलाइन क्लास, बैंक, रेलवे, यूपीएससी, पीएससी आदि की तैयारी करने के लिए बड़ी सुविधा दी गई है। लेकिन देख रेख के अभाव में ताला बंद होने की स्थिति आ गई है। इंटरनेट जैसी छोटी सुविधा उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है।



### खुर्सीपार की महिलाओं को रोजगार मिले, जल्द पूरा करें गारमेंट फैक्ट्री

विधायक यादव सोमवार की सुबह शहर के विभिन्न विकास कार्यों का दौरा किया। निर्माण कार्य की प्रगति देखने पहुंचे। इसी कड़ी में वे सुबह गारमेंट फैक्ट्री में निरीक्षण करने गए और जल्द से जल्द कार्य कंप्लीट करने की बात अधिकारियों से कही। उन्होने कहा कि अभी की सरकार कार्य को पूर्ण करना नहीं चाहती है। वह लगातार से इसके लिए प्रयासरत है, उन्होंने विधायक निधि से 50 लाख रुपए दिए थे, ताकि खुर्सीपार की महिलाओं को रोजगार मिल सकें, वे आत्मनिर्भर बन सकें।

**ई-लाइब्रेरी की तालाबंदी पर चिंता:** वार्ड क्रमांक 45 खुर्सीपार में कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू की गई डिजिटल-लाइब्रेरी फंड की कमी के चलते पिछले छह माह से बंद है। इससे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों को भारी परेशानी हो रही है। विधायक यादव ने इसे तत्काल शुरू कराने की मांग की।

**शिक्षा व्यवस्था पर फोकस:** सीवरेज प्रभावित परिवारों के बच्चों को स्कूल में प्राथमिकता से प्रवेश दिलाने हेतु श्री आत्मानंद स्कूल बालाजी नगर खुर्सीपार में विशेष व्यवस्था की जाए।

**एनओसी की कमी से रुकी विकास योजनाएं:** टाउनशिप क्षेत्र में बीएसपी द्वारा एनओसी नहीं दिए जाने से विकास कार्यों में बाधा आ रही है। इस पर जल्द हल निकालने की जरूरत बताई।

**खेल मैदानों का विकास:** शासन द्वारा बनाए गए खेल मैदानों को सक्रिय करने के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाएं जैसे बाउंड्रीवाल, मंच, बैठने की व्यवस्था आदि की मांग की। प्रस्तावित मैदानों में शामिल हैं। खुर्सीपार, नवीन कॉलेज ग्राउंड,कन्या विद्यालय बालाजी नगर।

**औद्योगिक क्षेत्र में ट्रैफिक प्रबंधन:** नंदिनी रोड, ट्रांसपोर्ट रोड, बेतरतीब भारी वाहनों से जनता की सुरक्षा को खतरा। इसके लिए ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु करने की मांग की गई।

## खबर संक्षेप



### बिरसा मुंडा का शहादत दिवस मनाया

**उतई।** बिरसा मुंडा की 150वी शहादात दिवस मनाया। गोंडवाना विकास समिति उतई में बुढ़ादेव मंदिर में अत्याचार और शोषण के खिलाफ क्रांति का आगाज करने वाला महान स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा के तैलचित्र पर पूजा अर्चना कर माल्यार्पण किया एवं श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं उसके द्वारा किए गये कार्य को याद कर समाज में हित कार्य करने के लिए समाज में उपस्थित लोगों से अपील की। इस अवसर पर गोंडवाना विकास समिति के अध्यक्ष बहादुर सिंह नेताम, पूर्व उपाध्यक्ष अमर सिंह ठाकुर, पुजारी रामदयाल ठाकुर, शंकर ठाकुर, तोरण ठाकुर, मातृशक्ति अध्यक्ष सरोज ठाकुर, वैदिक ठाकुर, डामिन नेताम, मायावती मांडवी, अजय ठाकुर, भरत मंडावी, पंकज कुंजाम, संतोष नेताम, जितेश कुंजाम, केशनी मंडावी एवं समाज लोग उपस्थित थे।

### आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में आज जागरूकता कार्यक्रम

**बेमेतरा।** विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में जिले के समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में 11 जून को विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक बंसोड़ ने जानकारी दी कि विश्व रक्तदाता दिवस प्रतिवर्ष 14 जून को मनाया जाता है। इसी क्रम में जिले के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में 11 जून को स्वास्थ्य मेला के अंतर्गत रक्तदान के महत्व पर आधारित कार्यक्रम आयोजित होंगे।
इस अवसर पर नियमित, पर्याप्त और निःशुल्क रक्तदान की आवश्यकता पर बल देते हुए लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक किया जाएगा तथा रक्तदान हेतु प्रेरित करने की शपथ भी दिलाई जाएगी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रक्तदान और प्लाज्मा दान की आवश्यकता और इसके प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाना, नए रक्तदाताओं को नियमित रक्तदान के लिए प्रोत्साहित करना और रक्तदाताओं के सकारात्मक प्रभाव को उजागर करना है। इसके अलावा इस कार्यक्रम के माध्यम से रक्तदान से जुड़ी एकजुटता, करुणा और सामुदायिक मूल्यों को भी बढ़ावा दिया जाएगा। ग्रामीण समुदायों में रक्तदाताओं को सम्मानित करने तथा अधिक से अधिक रक्तदाताओं का पंजीयन सुनिश्चित कर निरंतर रक्तदान के लिए प्रोत्साहित करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## सीईओ अग्रवाल ने सुनी जनदर्शन में समस्याएं व शिकायत

# खेत, भूमि में कर लिया गया है कब्जा, वापस दिलाएं पीएम आवास, पेंशन व दिव्यांगों ने मांगी ट्राइसिकल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

### शहरीय व ग्रामीण इलाकों से आए लोगों ने दिए 38 आवेदन



मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत टेकचंद अग्रवाल ने मंगलवार को समय सीमा की बैठक के बाद कलेक्टोरेट के दृष्टि सभा कक्ष में जनदर्शन आयोजित की गई। जिसमें जिले के अलग-अलग क्षेत्र के लोग अपनी-अपनी मांग, समस्याएं एवं शिकायतें लेकर आये। इस दौरान जनदर्शन मे आने वाले सभी लोगों की समस्याओं का निराकरण भी किया गया। आज के जनदर्शन में सीईओ ने लोगों की समस्याओं को गौर से सुना और संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर और समक्ष बुलाकर संबंधित आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। कुछ आवेदन मौके पर ही निराकरण किए गए। आज जनदर्शन में विभिन्न शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित 38 आवेदन प्राप्त हुए। तात्कालिक महत्व की समस्याओं का जहां त्वरित निराकरण किया। वहीं गंभीर और जांच के आवेदनों को टीएल पंजी पर दर्ज करके, इनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अफसरों को दी। इस दौरान जनदर्शन में दूरदराज के गांवों से अपनी समस्याओं के समाधान हेतु पहुंचे लोगों में से तहसील नांदघाट के ग्राम गिधवा निवासी शिवकुमार सेन ने खेत पर कब्जा करने वाले के ऊपर जांचकर उचित कार्रवाई के संबंध में आवेदन दिया, तहसील दाढ़ी नयापारा निवासी भाऊराम ने अपने पिता के नाम की शासकीय योजना अंतर्गत प्राप्त भूमि एवं मकान पर कब्जा करने के संबंध में आवेदन दिया। तहसील नांदघाट के ग्राम केसला निवासी मोतीलाल ने ऑनलाइन राजस्व अभिलेख रिकॉर्ड दुरस्त करने के संबंध में आवेदन दिया, तहसील नवागढ़ के ग्राम कुंरा के तनिष्का महिला स्व सहायता समूह द्वारा मनमानी कर घोखाधड़ी व विभिन्न योजनाओं में गड़बड़ी करने के संबंध में आवेदन दिया। तहसील बेमेतरा के ग्राम झिरिया निवासी मनेश ने सरपंच पदाधिकारियों के विरूद्ध अन्य क्रांती के मामला दर्ज कर पंचायत राज अधिनियम के तहत कार्रवाई करने के संबंध में आवेदन दिया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर डॉ. अनिल वाजपेयी सहित विभिन्न विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

**निराकरण का दिया आश्वासन-** जनदर्शन में तहसील बेमेतरा के ग्राम खम्हरिया के निवासी रमेश्वर यादव ने अपने पुरखौती जमीन के सामने को अन्य व्यक्ति द्वारा घेरे जाने के संबंध में आवेदन दिया। इसके अलावा आम नागरिकों ने निराश्रित पेंशन दिलाने, बैटरी चलित ट्रायसायकल दिलाई जाने की मांग रखी। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास दिलाने, कटा हुआ रकबा जोड़ने, खाद गड्ढा को हटाये जाने, आम रास्ता खुलवाने, वृद्धापेंशन हेतु, दिव्यांगता पेंशन दिलाये जाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए है। सीईओ ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके निराकरण के लिए ग्रामीणों को आश्वासन दिलाया।

### जिला स्तरीय एक दिवसीय रोजगार मेला, पांच अभ्यर्थियों का हुआ चयन

**बेमेतरा।** जिला पंचायत संसाधन केन्द्र में जिला कौशल विकास प्राधिकरण एवं जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज बेमेतरा के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में प्रतिष्ठित कंपनी नुट्रिएंट्री केयर पीवीटी एल्टीडी बिलासपुर द्वारा फील्ड ऑफिसर पद हेतु 35 पद एवं एग्रीकल्चर एडवाइजर पद हेतु 18 पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे।



कार्यक्रम में कुल 33 अभ्यर्थियों ने सहभागिता दर्ज की, जिनमें से 5 अभ्यर्थियों का चयन फील्ड ऑफिसर पद हेतु किया गया। रोजगार मेले के सफल आयोजन से युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त हुए एवं स्थानीय स्तर पर ही चयन प्रक्रिया पूरी की गई, जिससे अभ्यर्थियों को सुविधा मिली। आयोजन के दौरान समस्त प्रक्रिया को पारदर्शी एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराया गया।

## शिवम ने मुख्यमंत्री साय से की मुलाकात

**बेमेतरा।** शहर जनसेवक शिवम तिवारी ने रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात की और बेमेतरा के विकास के विभिन्न कार्यों को लेकर सीएम से चर्चा। प्रदेश सरकार द्वारा हितग्राहियों को 3 महीने का चावल एक मुश्त दिए जाने के फैसले पर खुशी जाहिर करते हुए आभार व्यक्त किया।



## डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक मंगाए गए आवेदन

बेमेतरा। डॉ. खूबचंद बघेल, कृषक रत्न पुरस्कार हेतु प्रत्येक वर्ष कृषकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पत्र उप संचालक कृषि एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त की जा सकती हैं। निर्धारित प्रपत्र में पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र को उप संचालक कृषि एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय में जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र के साथ सफलता की कहानी (अधिकतम दो पेज में एवं छायाचित्र/विडियो सी.डी. संलग्न करें) प्रस्तुत करेंगे। कृषकों से आवेदन पत्र प्राप्त करने के अंतिम तिथि 31 जुलाई है, अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा। उक्त सूचना की संपूर्ण जानकारी कृषि विभाग की वेबसाईट पर उपलब्ध है। इसी प्रकार राज्य स्थापना दिवस 1 नवम्बर, 2025 के अवसर पर 2 लाख की राशि एवं प्रशस्ति पत्र पुरस्कार दिया जाएगा।

**योग्यता का मापदण्ड-** इस प्रतिस्पर्धा में केवल ऐसे कृषक ही सम्मिलित होने के लिए पात्र होंगे जो विगत दस वर्षों से कृषि का कार्य छत्तीसगढ़ क्षेत्र में कर रहे हो, छत्तीसगढ़ राज्य के मूल निवासी हो, कुल वार्षिक आमदनी में से न्यूनतम 75 प्रतिशत आय कृषि से हो एवं तकाबी, सिंचाई शुल्क, सहकारी बैंकों का कालातीत ऋण न हो।

**चयन एवं मूल्यांकन का मापदण्ड-** कृषक का चयन एवं मूल्यांकन निम्न बिन्दुओं के आधार पर किया जावेगा - फसल विविधीकरण एवं उत्पादकता वृद्धि हेतु नवीन कृषि तकनीकी अपनाने का स्तर। उन्नत कृषि तकनीकी के प्रचार-प्रसार एवं अन्य कृषकों द्वारा अपनाने के लिये प्रेरित करने हेतु प्रयास। विगत तीन वर्षों में विभिन्न फसलों की उत्पादकता का स्तर। कृषि एवं सहयोगी क्षेत्र में कृषक द्वारा किया गया उल्लेखनीय, नवोन्वेषी कार्य।

**पुरस्कार का कार्यक्षेत्र-** कृषि के क्षेत्र में सर्वोत्तम कार्य करने वाले किसान को यह पुरस्कार दिया जाएगा। ऐसा कृषक, जो खेती में नई तकनीकी को अपनाता हो, जिसकी फसल सघनता अच्छी हो, समन्वित कृषि प्रणाली एवं फसल विविधीकरण अपनाता हो, कृषि के क्षेत्र में नवोन्वेषी कार्य करता हो, भूमि एवं जल संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया हो, कृषि संसाधनों का श्रेष्ठतम उपयोग करता हो, कृषि विपणन में जिसका योगदान हो, इत्यादि को यह पुरस्कार का वितरण राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर दिया जावेगा।

# पौधारोपण करने लोग कर रहे श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

धर्मधाम गौरवगाथा समिति धमधा, अभिनव जीवन कल्याण समिति दुर्ग, हिंद एथलेटिक्स क्लब धमधा, ग्राम पंचायत बिरझापुर के नेतृत्व में

■ 14 जून को बिरझापुर में वृहद रूप में किया जाएगा पौधारोपण

शनि मंदिर तलाब का संरक्षण करते हुए जीर्णोद्धार किया जा रहा है। जिसे इको क्लब क्षेत्र बनाने की दिशा में वृहद रूप से वृक्षारोपण किया जाना सुनिश्चित किया गया है।

आयोजन समिति ने बताया कि यह क्षेत्र लोगों के लिए एक हृदय स्थल बन सके इस दिशा में कार्य किया जा रहा है। हर पौधे की सुरक्षा की



जिम्मेदारी ली जा रही है एवं उनकी सुरक्षा के लिए मिट्टी का परीक्षण किया गया और जानवरों से सुरक्षित रखने के लिए फेंसिंग पोल भी लगाकर जगह को संरक्षित किया जा रहा है। वहीं इस मुहिम को पूरा करने के लिए आयोजन समितियों द्वारा निःशुल्क पौधारोपण करने के लिए इंटरनेट द्वारा ऑनलाइन फॉर्म भी भरवाया जा रहा है जिससे लोगों की उत्सुकता भी दिख रही है।

# नशा मुक्ति की प्रतिज्ञा से गूंज उठा ग्राम रूही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

संस्कार वेलफेयर फाउंडेशन महुदा एवं इस्कॉन प्रचार केंद्र महुदा के संयुक्त प्रयास से आयोजित हरिनाम संकीर्तन एवं नशा मुक्ति अभियान ने ग्रामवासियों के हृदय को छू लिया। भक्तों की टोली जब गांव की गलियों से होते हुए संकीर्तन करती चली तो महिलाएं अपने द्वार पर दीप जलाकर स्वागत करने लगीं, बच्चे जयकारे लगाने लगे, और वृद्ध श्रद्धा से हाथ जोड़कर हरिनाम में लीन हो गए लेकिन यह केवल संकीर्तन नहीं था यह एक संकल्प था।

एक संकल्प व्यसन से मुक्ति का, एक संकल्प संस्कारमय समाज के निर्माण का, प्रोजेक्टर के माध्यम से कार्यक्रम में यह दिखाया गया कि, नशा केवल शरीर ही नहीं, आत्मा और समाज दोनों को जला देता है। अब समय आ गया है, जब हम सब मिलकर इससे मुक्ति की राह चुनें। इस भावपूर्ण आयोजन में ग्राम रूही के सभी



लोगों ने एकजुट होकर भाग लिया। महिलाएँ, युवा, बुजुर्ग, बच्चे सभी ने मिलकर भक्ति और जागरुकता का संगम रच दिया। कार्यक्रम का अंत सामूहिक संकल्प के साथ हुआ, जिसमें सभी ने एक स्वर में कहा अब व्यसन नहीं, केवल हरिनाम। इस अलौकिक आयोजन को सफल बनाने में संस्कार वेलफेयर फाउंडेशन एवं इस्कॉन प्रचार केंद्र महुदा के सेवाभावियों की भूमिका सराहनीय रही।

## वर्षभर प्रतिभा सम्मान के साथ- साथ शैक्षणिक कार्यक्रमों का कराते हैं आयोजन : वर्मा

# लक्ष्य ने जिला संगठन का किया विस्तार परपोड़ी में सर्किल कार्यकारिणी का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

लक्ष्य जिला इकाई अध्यक्ष डोगेंद्र वर्मा और उपाध्यक्ष कमलेश कुमार वर्मा व्याख्याता ने बताया कि लक्ष्य संगठन विस्तार के तहत इस वर्ष बेमेतरा जिला में लक्ष्य इकाई सर्किल परपोड़ी का गठन किया गया। जिसकी मेजबानी में जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान एवं कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम 2025 अपनी भव्यता के साथ विगत 1 जून को सम्पन्न हुआ। जिला अध्यक्ष डोगेंद्र वर्मा ने बताया कि जिला इकाई बेमेतरा कार्यकारिणी द्वारा परपोड़ी क्षेत्र में शिक्षकों को सूचित कर 13 मई को बैठक रखी थी। जिसमें चर्चा कर लोधी सामाजिक शिक्षकों का लक्ष्य सर्किल कार्यकारिणी गठन किया है। लक्ष्य सर्किल परपोड़ी अध्यक्ष हिमांचल वर्मा, उपाध्यक्ष रोशन चंदेल, कोषाध्यक्ष कुंभलाल वर्मा, कमलेश वर्मा, संयोजक भोला राम वर्मा, संरक्षक दिलीप कुमार वर्मा, सचिव विनय कुमार, प्रचार सचिव शंकर प्रसाद वर्मा, मीडिया प्रभारी टोमन लाल वर्मा , सांस्कृतिक प्रभारी चंद्रपाल वर्मा, कार्यकारिणी सदस्य विशेसर जंघेल, हेमंत वर्मा, तोप सिंह वर्मा, साहेब राम चंदेल, द्वारिका वर्मा, संतराम वर्मा, संतोष वर्मा, छत्रपाल जंघेल, कोमल, जंघेल, देवानंद जँघेल, चितरंजन वर्मा, रमेश वर्मा,के समन्वित कार्य एवं विशेष सहयोग से सम्पन्न हुआ। उन्होंने जानकारी दी कि लोधी क्षत्रिय समाज से संबद्ध लक्ष्य संगठन एक पंजीकृत अधिकारी/कर्मचारियो का सामाजिक एवं शैक्षणिक संगठन है। संगठन से जुड़े कार्यकारिणी में शिक्षकगण वर्ष भर प्रतिभा सम्मान समारोह के साथ साथ शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन कराते है। लक्ष्य छत्तीसगढ़ संगठन पदाधिकारी कार्यकारिणी सदस्यों में संगठन सचिव पत्तेलाल चंदेल, शिक्षा प्रभारी गुनाराम चंदेल महिला प्रभारी बसंती जंघेल, खेलकूद प्रभारी दुष्यंत जंघेल मीडिया प्रभारी मुकेश वर्मा कार्यकारिणी सदस्य- दीनू राम वर्मा, गया प्रसाद वर्मा,कृतलाल जंघेल, आदि शामिल है। लक्ष्य जिला इकाई बेमेतरा अध्यक्ष डोगेंद्र



एफ.आर.वर्मा प्राचार्य निवासी कोपेडीह, राजनांदगांव, उपाध्यक्ष सावित्री जंघेल भिलाई, दानेश्वर लिलहारे, छिपा डोंगरगढ़, संयोजक चैनदस जंघेल भिलाई, कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंगोंर पाटन दुर्ग, महासचिव अशोक वर्मा रायपुर, सचिव दुर्जन राम जँघेल प्राचार्य, वर्मा, उपाध्यक्ष कमलेश कुमार वर्मा व्याख्याता श्रीमती गिरिजा पटेल, रामअवतार वर्मा, कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार वर्मा, संयोजक भीषम पटेल संरक्षक वेदराम लोधी, सुरेन्द्र कुमार पटेल बेरला महासचिव लोमन वर्मा, प्रचार सचिव कुंभलाल वर्मा, मिडिया प्रभारी नरेश बघेल कार्यकारिणी सदस्य - चुरावन बघेल, लक्ष्मण वर्मा, राजेश वर्मा, ध्रुवेंद्र पटेल,पीला राम वर्मा,राजू पटेल, कुलेश्वर पटेल, राजू वर्मा, आदि है। जिसके बैनर तले जिले में विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रम जैसे लक्ष्य प्रतिभा सम्मान एवं कैरियर मार्गदर्शन समारोह, नवोदय प्रवेश मॉक टेस्ट,समर कैंप, लक्ष्य अध्ययन यात्रा, निबंध प्रतियोगिता, राज्य स्तरीय युवा सम्मेलन, ऐसे वर्षभर कराते रहते हैं।

